## जनपद हरदोई

**प्रेस नोट- थाना अतरौली** **दिनांक 19.03.2025**

**“ऑपरेशन स्माईल” अभियान के तहत थाना अतरौली पुलिस द्वारा गुमशुदा 03 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया तथा बच्चा चोरी करने वाले गिरोह के 03 अभियुक्त/अभियुक्ता को गिरफ्तार करने के संबंध में-**

**संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 21.02.2025 को वादिनी द्वारा थाना अतरौली पर तहरीर दी गयी कि वादिनी अपने मायके ग्राम गौरीकला थाना अतरौली जनपद हरदोई शादी मे आयी थी। जहां शाम के समय उनका 03 वर्षीय पुत्र रितिक अचानक लापता हो गया है। इस संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना अतरौली पर मु0अ0सं0 52/25 धारा 137(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया । उपरोक्त बालक की शीघ्र एवं सकुशल बरामदगी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरदोई द्वारा टीम गठित कर लगाया गया।





**कार्यवाही-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद हरदोई द्वारा जनपद में अपहृत/ गुमशुदा बच्चों/बालकों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान “ऑपरेशन स्माईल” के क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन व मोबाइल सर्विलांस की मदद से अथक प्रसास किया जा रहा था। अपहृत बच्चे रितिक के संबंध में सर्विलांस के माध्यम से अभय वर्मा व उमाशंकर का संदिग्धता प्रतीत हुई जिसपर इनसे पूछताछ की गयी। कई बार की पूछताछ में इनके द्वारा बताया गया कि जनपद हरदोई थाना क्षेत्र अतरौली व जनपद सीतापुर से 02 बच्चों सहित कुल 03 बच्चों को (एक थाना अटरिया मे शादी समारोह में से आर्यन उम्र करीब 03 वर्ष को दिनांक 10.02.2025 को व थाना बिसवां से कार्तिक मौर्या उम्र 03 वर्ष को मेले से दिनांक 27.12.2024 को चोरी किये गये थे) चोरी कर के दिल्ली मे रह रही महिला सोनिया को दे देते थे। सोनिया विजयवाडा में रहने वाली शारदा,हसीना व बिजली को बेच देती थी। सोनिया नाम की महिला को पूछताछ के आधार पर बुलवाया गया तथा सोनिया

नाम की महिला से भी पूछताछ व जानकारी की गयी तो बताया कि हरदोई वाले बच्चे को तेलंगाना शारदा के माध्यम बेचने हेतु भेजा है। उक्त बताये अनुसार एक टीम दिनांक 14.03.2025 को तेलंगाना रवाना किया गया था। सोनिया द्वारा चोरी किये गये तीनों बच्चों को जिसमें हरदोई के बच्चे को शारदा के माध्यम से तेलंगाना में अज्ञात व्यक्ति को बेचा गया तथा सीतापुर के 02 बच्चे जिसमें से एक को राजमुंद्री व एक को विजयवाडा में बेचा गया है। उक्त दोनो बच्चों की बरामदगी हेतु पुलिस की एक टीम वहां मौजूद थी। जिनकी बरामदगी का प्रयास किया जा रहा था कि सोनिया द्वारा बतायी गई जानकारी के आधार पर रवानशुदा टीम अवगत कराया जाता रहा रवानाशुदा टीम द्वारा स्थानीय तेलंगाना व आंध्र प्रदेश की पुलिस द्वारा अपेक्षित सहयोग किया गया तथा बच्चे की सकुशल बरामदगी की गई। मौके से पठान मुमताज उर्फ हसीना, विक्कोल बिजली व मुडावती शारदा फरार हो गई। पुलिस टीम द्वारा बच्चे को हवाई जहाज के माध्यम से सकुशल हरदोई लाया गया। सीतापुर के दोनो बच्चों की बरामदगी हेतु टीम वहां पर कार्यरत है। इन अभियुक्तों द्वारा जो बच्चे चुराये जाते थे उनको 05-05 लाख रुपये में बेचा जाता था।

बच्चे चोरी करने की घटना में संलिप्त गिरोह के 03 अभियुक्त/अभियुक्ता 1. अभय वर्मा पुत्र प्रदीप कुमार निवासी अलायपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर 2. उमाशंकर पुत्र स्व0 प्रेमचन्द्र रावत निवासी ग्राम शाहपुर थाना महगवां जनपद लखनऊ 3. सोनिया उर्फ सुनीता पत्नी राजकुमार शर्मा निवासी मंगोलपुरी नई दिल्ली को गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ का विवरण-**

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगण से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि अभियुक्तों का बच्चा चोरी करने का एक अंतर्राजीय सक्रिय गिरोह है जिसमें कई महिलाएं भी शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा क्षेत्र में घूम-घूमकर रैकी की जाती है तथा शादी समारोहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों आदि से छोटे-छोटे बच्चों को चाकलेट देकर, मोबाइल दिखाने के बहाने व बहला फुसलाकर उठा ले जाते हैं तथा बच्चों के फोटों अभियुक्ता सोनिया उर्फ सुनीता उपरोक्त को भेज दी जाती हैं। जिसके आधार पर बच्चों के रंग रुप अनुसार बच्चे की कीमत तय की जाती है। अभियुक्ता सोनिया उर्फ सुनीता के बताने के अनुसार दोनों अभियुक्तों द्वारा बच्चे को दिल्ली पहुंचा दिया जाता था। जिसे अभियुक्ता सोनिया उर्फ सुनीता द्वारा बच्चे को दिल्ली में तैयार कराकर विजयवाडा में मौजूद शारदा, मुमताज व बिजली को फोटों भेजती थी। इन बच्चों को उपरोक्त महिलाओं को उचित कीमत पर बेच देती थी।

**नोट- श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय , जनपद हरदोई द्वारा टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का नाम व पता-**

1. अभय वर्मा पुत्र प्रदीप कुमार निवासी अलायपुर थाना सदरपुर जनपद सीतापुर।
2. उमाशंकर पुत्र स्व0 प्रेमचन्द्र रावत निवासी ग्राम शाहपुर थाना महगवां जनपद लखनऊ।
3. सोनिया उर्फ सुनीता पत्नी राजकुमार शर्मा निवासी मोहल्ला मंगोलपुरी,डी-ब्लॉक नई दिल्ली।

**अभियुक्ता सोनिया उर्फ सुनीता का आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 54/2017 धारा 363/346/370/34 आईपीसी थाना जामा मस्जिद दिल्ली।
2.मु0अ0सं0 562/2024 धारा 137 (2) बीएनएस थाना बिसवां जनपद सीतापुर।
3.मु0अ0सं0 39/2025 धारा 137 (2) बीएनएस थाना अटरिया जनपद सीतापुर।

**अभियुक्तगण अभय वर्मा व उमाशंकर का आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 562/2024 धारा 137 (2) बीएनएस थाना बिसवां जनपद सीतापुर।
2.मु0अ0सं0 39/2025 धारा 137 (2) बीएनएस थाना अटरिया जनपद सीतापुर।

**बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 मारकण्डेय सिंह थाना अतरौली जनपद हरदोई।
2. उ0नि0 जितेन्द्र सिंह थाना अतरौली जनपद हरदोई।
3. उ0नि0 रोहित कुमार थाना अतरौली जनपद हरदोई।
4. हे0का0 अनूप सिंह थाना अतरौली जनपद हरदोई।
5. हे0का0 राजकूपर थाना अतरौली जनपद हरदोई।
6. का0 विनीत कुमार थाना अतरौली जनपद हरदोई।
7. म0का0 सविता उपाध्याय थाना अतरौली जनपद हरदोई।
8. म0उ0नि0 रीमा सिंह थाना साण्ड़ी जनपद हरदोई।
9. उ0नि0 कुलदीप सिंह थाना को0 शहर जनपद हरदोई।
10. उ0नि0 मुईन अहमद खान थाना कछौना जनपद हरदोई।
11. हे0का0 होरालाल थाना सुरसा जनपद हरदोई।
12. हे0का0 रमापति दिवाकर को0 देहात जनपद हरदोई।
13. का0 प्रदीप चौधरी स्पेशल टीम पूर्वी जोन जनपद हरदोई।
14. का0 जितेन्द्र सिंह पुलिस लाईन जनपद हरदोई।
15. का0 त्रिवेश कुमार थाना को0 देहात जनपद हरदोई।
16. का0 मंजेश कुमार थाना को0 शहर जनपद हरदोई।
17. का0 बृजनन्दन थाना को0 शहर जनपद हरदोई।
18. का0 ओमवीर सिंह सर्विलांस सेल जनपद हरदोई।
19. म0का0 नन्दिनी शुक्ला पेशी क्षेत्राधिकारी कार्यालय सण्ड़ीला जनपद हरदोई।